>

Title: Need to relax the norms of minimum population requirement for setting up Community and Primary Health Centres in Barmer Parliamentary constituency, Rajasthan

श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर): मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर का अधिकांश भाग अत्यंत दुर्गम क्षेत्र मरूस्थलीय क्षेत्र में पड़ता है, जिसमें जैसलमेर एवं बाड़मेर जिले पड़ते हैं। इन जिलों में छोटी-छोटी आबादी के दूर-दूर स्थित गांव है। भारत सरकार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों का फायदा दूरी के कारण इन गांवों को नहीं मिल पा रहा है। एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बीस हजार की आबादी पर मिलता है जबकि जैसलमेर में 13 व्यक्ति प्रति किलोमीटर एवं बाड़मेर में 69 व्यक्ति प्रति किलोमीटर घनत्व में रहते हैं। उपरोक्त जिलों के मरूभूमि के बीमार एवं गर्भवती महिलाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं अन्य केन्द्रों में पहुंचना बहुत मुश्किल है। इन दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए राजस्थान सरकार ने केन्द्र सरकार से राजस्थान के मरूस्थल क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को स्थापित करने हेतु जनसंख्या के स्थान पर दूरी के आधार पर मरूस्थलीय क्षेत्रों के लिए उप स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना के लिए 3000 की बजाय 1500 जनसंख्या, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए बीस हजार की बजाय दस हजार एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए एक लाख से 50 हजार की आबादी का मापदंड बनाने का अनुरोध किया है, जिससे इस क्षेत्र में रहने वाले लोग केन्द्र सरकार की चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठा सके।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान सरकार के सुझाव को शीघ्र विचार करवा कर इसे तत्काल लागू किया जाये, जिससे मरूभूमि क्षेत्र में रहने वाले गरीब लोग भारत सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ उठा सकें।